सफलता की कहानी

अमृत सरोवर

गॉव चंगर ग्राम पंचायत चंगर

विकास खण्ड हमीरपुर जिला हमीरपुर हि० प्र०

ग्राम पंचायत चंगर के गॉव चंगर में एक पानी का नाला वहता था । यह पानी प्राकृतिक रूप से 12 महीने वहता है । गॉव के लोगों ने ग्राम सभा में इस स्त्रोत पर चेक डैम /सरोवर बनाने हेतु मांग रखी ताकि इस प्राकृतिक जल स्त्रोत का समुचित रूप से दोहन करके लाभ उठाया जाए ।

अतः ग्राम सभा में इस जगह सरोवर वनाने हेतु 15वा वित्त्योग की निधि को मनरेगा अभिसरण सहित प्राकलन तैयार किया । इसका प्राकलन 21,67,000 रूपये वना । जोकि 20,67,000 रूपये मनरेगा से व् 1,00,000 रूपये 15 वा वित्त्योग से मंजूरी ली गई । इस कार्य पर कुल खर्च 19,69,096 रूपये हुआ है ।

मनरेगा के अंतर्गत गॉव के लोगों द्वारा इस कार्य को दिनांक 17-03-2022 को शुरू किया गया जोकि लगभग एक वर्ष चार महीने मैं दिनांक 09-07-2023 को कार्य पूर्ण किया गया ।

यह अमृत सरोवर चेक डैम के रूप में लगभग 24 मीटर लम्बा व् 4.20 मीटर चौड़ा तथा 4.20 मीटर ऊँचा कंक्रीट से वन कर तैयार हुआ । इस सरोवर के वनने से लगभग 750 स्क्वायर मीटर कैचमेंट एरिया वना, जिससे लगभग 18 लाख क्यूबिक पानी स्टोर हो गया । इस पानी के रुकने से आसपास के क्षेत्र में वानस्पतिक हरियाली में बढ़ोतरी हुई तथा पेय जल स्त्रोतों का जलस्तर भी बढ़ा गया है ।

थोड़ी ही दूरी पर नीचे की तरफ पानी की सप्लाई हेतु पानी के टैंक वने हुए हैं, वहां पर भी पानी जलस्तर भी काफी बढ़ गया है । तथा आने वाले समय में गॉव चंगर के निवासी इस सरोवर से खेतीवाडी हेतु सिंचाई की योजना बनाने के वारे में विचार कर रहे हैं ; जो ग्रामीणों की कृषि व बागवानी सम्बन्धी आमदनी को बढ़ाने में भी मददगार होगा ।

कार्य आरम्भ करने से पहले कार्यस्थल का चित्र

कार्य शुरू होने का चित्र

कार्य के मध्य का चित्र

कार्य के अंतिम रूप का चित्र